लौआर - कोरसर पुल में कब शुरु होगा बसों का संचालन !

सीधी - सिंगरौली जिले की सीमा बनी करोड़ों के पुल को मार्ग से जोड़ने एक वर्ष में नहीं बन सकी सड़क, मिट्टी की सड़क से निकल रहे दो - चार पहिया वाहन

नवभारत न्यूज़

सीधी, 5 जुलाई। सीधी - सिंगरौली जिले की सीमा पर बनी करोड़ों के पुल को मार्ग से जोड़ने एक वर्ष में सड़क नही बन सकी सड़क, मिट्टी की सड़क से दो - चार पहिया वाहन निकल रहे है। लौआर - कोरसर पुल में बसों का संचालन कब शुरु होगा इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है।

बताते चलें कि सीधी-सिंगरौली की सीमा और सिहावल विधानसभा क्षेत्र के लौआर व कोरसर गोपद नदी में करोड़ों की लागत से बनी पुल के समीप मिट्टी फिलिंग का काम होने के बाद एक साल से दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का सफर शुरू हो गया है। सिंगरौली जिले की ओर पुल के समीप डामरीकरण का कार्य न होने के कारण अब भी यात्री बसों एवं भारी वाहनों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। दर्जनों गांवों के लोगों को काफी बेसब्री से इंतजार है कि गोपद नदी पुल पर बसों का संचालन शुरू हो जाए और उन्हें आसानी से आवागवन में सुविधा मिल सके। बताते चलें कि गोपद नदी में करोड़ों की लागत से पुल बनकर दो साल पहले तैयार हो गई थी लेकिन सिंगरौली जिले की सीमा में कोरसर के मुख्य मार्ग प्रधानमंत्री से इसको जोडने़ में कुछ स्थानीय कास्तकार रोड़ा बने हुए थे। लिहाजा नवनिर्मित पुल को सड? से जोडने़ के लिए मिट्टी फिलिंग का काम रुका था। समाचार पत्रों में उक्त समस्या के प्रकाशन के पश्चात सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के साथ ही सिंगरौली जिला प्रशासन द्वारा तत्परता पूर्वक पहल की गई और रोड़ा बने कास्तकारों से चर्चा कर उन्हें मुआवजा भुगतान भी करा दिया गया है। पुल तक मिट्टी फिलिंग का काम पूरा कराते हुए छोटे वाहनों का आवागवन पिछले वर्ष शुरू कराया गया था। उस दौरान कहा गया था कि नई मिट्टी फिलिंग के बाद बरसात शुरू हो जायेगी। ऐसे में बरसात बाद डामरीकरण के पश्चात ही यात्री बसों एवं भारी वाहनों का संचालन पुल से शुरू हो पाएगा। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सिहावल विधायक विश्वामित्र की पहल से ही लौआर-कोरसर गोपद नदी पर पुल का निर्माण कार्य सुनिश्चित हो सका था और उनकी पहल से ही भूमि विवाद का जो रोड़ा बना हुआ था वह भी दूर हो गया। उक्त पुल के व्यवस्थित संचालन के लिए गोपद नदी के पुल से लेकर कोरसर मुख्य मार्ग तक लगभग 1 किलोमीटर सड? का डामरीकरण होना काफी आवश्यक है। इसी वजह से क्षेत्रीय लोगों को गोपद नदी के बड़े पुल पर बसों का संचालन शुरू होने का इंतजार बना हुआ है। बसों के चलने से जो यात्रा कई घंटों की है वह काफी आसान हो जाएगी और प्रयागराज के लिए भी यहां से बस का संचालन आसानी से शुरू हो जाएगा।

चार जिले के लोगों को मिलेगा लाभ : हेमप्रताप

समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हेमप्रताप तिवारी का कहना है कि लौआर-कोरसर गोपद नदी में पुल का संचालन छोटे वाहनों के लिए शुरू है। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक के प्रयास से बरसात बाद सड? का डामरीकरण कार्य पूर्ण होने पर बसें भी नियमित रूप से चलने लगेंगी। श्री तिवारी ने कहा कि गोपद नदी पुल पर बसों का संचालन शुरू हो जाने से चार जिलों की जनता को लाभ मिलेगा। सिंगरौली के चितरंगी के अलावा सीधी, मऊगंज, रीवा के रास्ते सुगम हो जाएंगे। यहां तक कि चितरंगी से अगर किसी को प्रयागराज जाना है तो यात्रा काफी कम हो जाएगी। साथ ही सीधी का रास्ता भी पुल के समीपी क्षेत्रों का महज 1 घंटा का रह जाएगा। इस पुल के बन जाने और व्यवस्थित संचालन शुरू हो जाने से क्षेत्रीय जनता का विकाश तो होगा ही साथ ही दुर्गम यात्रा भी काफी सुगम हो जाएगी। यह काम काफी मुश्किल भरा था लेकिन सिहावल विधायक के प्रयासों से जनता की यात्रा जल्द ही सुगम होने वाली है।

इनका कहना है

लौआर-कोरसर गोपद नदी पुल के समीप मिट्टी फिलिंग का काम हो चुका है। जिससे आवागवन शुरू हो गया है। बरसात के बाद सड? का डामरीकरण कार्य शुरू हो जाएगा। जिसके बाद यात्री वाहनों की आवाजाही भी निर्बाध रूप से शुरू हो जाएगा। उक्त पुल में आवागवन शुरू कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

विश्वामित्र पाठक, विधायक,विधानसभा क्षेत्र सिहावल

बजरंग दल सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

स्वास्थ्य परीक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, न्यूज

सीधी 05 जुलाई। विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत के अंतर्गत जिला सीधी में बजरंग दल के सेवा सप्ताह का शुभारंभ विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक सिंह ने की।

इस अवसर पर विभाग मंत्री पुजेरी लाल मिश्र एवं विभाग संयोजक शैलेन्द्र सिंह मिस्टर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सेवा सप्ताह के तहत पूजा पार्क गेट के सामने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. रविशंकर शुक्ल एवं डॉ. विवेक तिवारी ने लोगों का ब्लड प्रेशर बीपी एवं शुगर की जांच की। जांच के उपरांत चिकित्सकों ने संतुलित खान-पान, नियमित दिनचर्या तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इसके बाद सरस्वती विद्यालय मड़रिया परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गणेश सिंह ने समाज से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाए ताकि पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल हो सके। कार्यक्रम में बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिला, नगर तथा प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी प्रचार-प्रसार प्रमुख धीरेश मिश्र द्वारा दी गई।

महाविद्यालय चुरहट में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

- नए विद्यार्थियों को मिला उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शन

नवभारत, न्यूज

चुरहट 05 जुलाई। सीधी जिले के चुरहट नगर में स्थित शासकीय महाविद्यालय चुरहट में 1 जुलाई से 3 जुलाई 2026 तक नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने की, जबकि संचालन डॉ. स्मृति शुक्ला एनटीएफ प्रभारी ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना, उनके आत्मविश्वास का विकास करना तथा शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 1 जुलाई को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्हें महाविद्यालय की कार्यप्रणाली, विभिन्न पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही परिचय सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को एक-दूसरे से परिचित कराया गया। दूसरे दिन 2 जुलाई को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव एवं अवसाद से बचाव विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा समय प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए मानसिक रूप से सशक्त रहने के लिए प्रेरित किया। तीसरे एवं अंतिम दिन 3 जुलाई को योग, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा डिजिटल एवं सोशल मीडिया के जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। इसी अवसर पर शिक्षक-अभिभावक बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को आश्वस्त किया गया कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक, मानसिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर रमाकांत दुबे, डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय, डॉ. राजेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. विभा सिंह, डॉ. एसके लगरखा, डॉ. समीक्षा द्विवेदी, डॉ. मयूरी सिंह, डॉ. अपर्णा द्विवेदी, डॉ. शशी कुमार दुबे, डॉ. एसबी पटेल, डॉ. सीके वर्मा, डॉ. अखिलेश मनु, आशीष कुमार पाण्डेय सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

गांव-गांव पहुंचेगी साइबर सुरक्षा की अलख

सीधी एसपी की साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता की पहल

नवभारत, न्यूज

कुसमी 05 जुलाई। सीधी पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार कोरी के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत रविवार को जनपद पंचायत कुसमी के सभागार में सरपंच एवं सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से गांव-गांव तक साइबर अपराधों से बचाव और डिजिटल सुरक्षा का संदेश पहुंचाना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने साइबर क्राइम, गुड टच-बैड टच, यातायात नियमों महिला अपराध तथा इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, मोबाइल कॉल और अनजान लिंक के जरिए होने वाली साइबर ठगी से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि अपने-अपने गांवों में लोगों को जागरूक करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार न बने। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार कोरी ने अपने संदेश में कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने सरपंचों एवं सचिवों से पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित कर लोगों को संदिग्ध लिंक, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। साथ ही साइबर ठगी की किसी भी घटना की तत्काल सूचना 1930 साइबर हेल्पलाइन पर देने की अपील की। एसपी सीधी ने बताया कि 1930 साइबर हेल्पलाइन भारत सरकार की राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन है।

यदि आपके साथ ऑनलाइन ठगी हो जाती है, तो इस नंबर पर तुरंत कॉल करने से निम्नलिखित सहायता मिल सकती है, जिसमें ऑनलाइन ठगी की तत्काल शिकायत दर्ज की जाती है। यदि आपने पैसे ट्रांसफर कर दिए हैं, तो समय रहते संबंधित बैंक या भुगतान प्लेटफॉर्म को अलर्ट भेजा जाता है, जिससे राशि को रोकने या रिकवर करने की संभावना बढ़ सकती है और शिकायत को संबंधित राज्य साइबर पुलिस के पास जांच के लिए भेजा जाता है और आगे की कार्रवाई और शिकायत की स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। एसपी ने सरपंच सचिवो से अपील करते हुए कहा कि बाजार हॉट में बने घरों पर कैमरा लगाने का भी आग्रह किया है।

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विमल जायसवाल, सरपंच संघ अध्यक्ष मकरंद सिंह, व्यापारी एकता संघ कुसमी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष पुल्लू गुप्ता, सचिव रामभद्र शुक्ला, राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित रहे।

लापता युवती का शव मिलने से क्षेत्र में आक्रोश

- पूर्व नेता प्रतिपक्ष के निर्देश पर जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह के अगुवाई में पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

नवभारत, न्यूज

सीधी 05 जुलाई। चुरहट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मवई बघेड़ा निवासी राजराखन साकेत हुब्बलाल की पुत्री के लापता होने और बाद में उसका शव बरामद होने की घटना को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार युवती 24 जून को सीधी से अपने घर लौटते समय लापता हो गई थी। परिजनों ने उसी दिन चुरहट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उन्हें वापस लौटा दिया गया। बाद में 27 जून को सीधी में गुमशुदगी दर्ज की गई। इसके बाद 1 जुलाई को कोष्टा पवाई क्षेत्र में युवती का शव कंकाल अवस्था में बरामद हुआ। मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में संगठन प्रभारी महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, नीरज सिंह, सच्चे सिंह, राजेश गुप्ता, विनोद सिंह, कुंजेश्वर सिंह सहित कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और न्याय की लड़ाई में हर संभव साथ देने का भरोसा दिलाया। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की पीड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि पुलिस ने 24 जून को ही गुमशुदगी दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की होती तो शायद एक बेटी की जान बचाई जा सकती थी। ज्ञान सिंह ने कहा कि यह घटना कानून-व्यवस्था की गंभीर विफलता और प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती है। कई दिन बीत जाने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेस ने मांग की है कि इस जघन्य घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, उन्हें कठोरतम दंड दिलाया जाए तथा पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

प्रत्येक माह तीन स्तरों पर होगी विद्युत उपभोक्ताओं की जनसुनवाई

नवभारत, न्यूज

सीधी 05 जुलाई। अधीक्षण अभियंता (संचालन एवं संधारण), मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने जानकारी दी है कि मुख्य महाप्रबंधक, जबलपुर के निर्देशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए वृत्त, संभाग एवं वितरण केंद्र स्तर पर प्रत्येक माह नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को वितरण केंद्र स्तर पर, द्वितीय मंगलवार को संभागीय कार्यालय स्तर पर तथा तृतीय मंगलवार को वृत्त कार्यालय स्तर पर जनसुनवाई आयोजित होगी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी शिकायतों का तत्काल पंजीयन किया जाएगा तथा उनका समयबद्ध निराकरण एवं आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत आपूर्ति, बिलिंग, मीटर, नए कनेक्शन अथवा अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित तिथि पर संबंधित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

हनुमान मंदिर मझौली टोला में चलाया स्वच्छता अभियान

नवभारत, न्यूज

कुसमी 05 जुलाई। भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक-संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में रविवार को सीधी जिले के भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा तहसील कुशमी के भुईमाड़ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान मंदिर, मझौली टोला परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता, सेवा और जनजागरूकता का प्रेरणादायी संदेश दिया। अभियान में शामिल कार्यकर्ताओं ने परिसर में फैली गंदगी को हटाया तथा मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। स्वच्छ वातावरण न केवल उत्तम स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि समाज में अनुशासन, सेवा-भाव और सकारात्मक चेतना का भी संचार करता है।

कार्यकर्ताओं ने आमजन से अपने घरों के साथ-साथ सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ, सुंदर और संस्कारित समाज का निर्माण संभव है। अभियान के दौरान भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए यह संकल्प दोहराया कि समाजहित एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। इस मौके पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजू प्रसाद पनिका, रामानंद पनिका, सेनजीत पनिका, वृजलाल पनिका, वृजेश पनिका सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैंक पहुंचे कलेक्टर, लंबित समूह ऋण प्रकरणों के तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 5 जुलाई, जिले में स्व-सहायता समूहों को समय पर बैंक ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में कलेक्टर विकास मिश्रा ने शुक्रवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) तेंदुआ शाखा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के लंबित ऋण प्रकरणों की शाखा स्तर पर गहन समीक्षा की और बैंक अधिकारियों के साथ सीधे बैठकर लंबित मामलों के निराकरण की प्रक्रिया शुरू कराई।

कलेक्टर ने समूहवार लंबित ऋण प्रकरणों की जानकारी लेते हुए ऋण वितरण में हो रही देरी के कारणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पात्र स्व-सहायता समूहों के प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित रखना स्वीकार्य नहीं है।

जिले के स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

सीएमएचओ ने लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने एवं नियमित फील्ड मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

नवभारत, न्यूज

सीधी 05 जुलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार खरे की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) सभागार में जिला एवं विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की समीक्षा एवं उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी सहित एनएचएम के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड स्तर से सभी खंड चिकित्सा अधिकारी (सीबीएमओ), ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम), ब्लॉक सामुदायिक प्रबंधक (बीसीएम) तथा ब्लॉक डाटा एंट्री अधिकारी (बीडीईओ) शामिल हुए। बैठक में आगामी दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने, माइक्रोप्लान को अंतिम रूप देने तथा फील्ड टीमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुपोषित, बीमार एवं संदिग्ध बच्चों की समय पर पहचान कर उनका तत्काल रेफरल एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन, हाई-रिस्क गर्भावस्थाओं का चिन्हांकन एवं विशेष प्रबंधन, सिकल सेल की अनिवार्य स्क्रीनिंग तथा प्रत्येक गर्भवती महिला की चार प्रसवपूर्व जांच (4 एएनसी) पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा प्रसव पूर्व जांच की गुणवत्ता में सुधार लाने पर भी जोर दिया गया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संभावित टीबी मरीजों की सक्रिय खोज, सैंपल कलेक्शन, समय पर उपचार प्रारंभ करने तथा निक्षय पोषण सहायता के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने कहा कि कोई भी संभावित मरीज छूटना नहीं चाहिए, इसके लिए एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए। सिकल सेल कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों की स्क्रीनिंग शीघ्र पूर्ण करने, पॉजिटिव प्रकरणों का नियमित फॉलोअप एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पोर्टल पर सभी केंद्रों की जानकारी दर्ज करने के निर्देश

बैठक में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पोर्टल पर सभी केंद्रों की दैनिक ओपीडी, एसडी रिपोर्ट एवं जेएएस बैठक की जानकारी प्रतिदिन दर्ज करने तथा डाटा की शुद्धता एवं समय पर अद्यतन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का 24 से 48 घंटे के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर समय पर पोर्टल पर क्लोजर सुनिश्चित करने तथा शिकायतों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मूल कारणों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार खरे ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह कम से कम तीन दिन फील्ड भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी प्रगति का निरीक्षण करने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा रिपोर्टिंग में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।